प्रेस विज्ञप्ति

22 अप्रैल, गोरखपुर । यातायात सुरक्षा में अहम् योगदान देने वाले ब्लू कमांडो टीम द्वारा गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्त दान शिविर का आयोजित किया गया । ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया की इस वैश्विक कोरोना वायरस महामारी में लॉक डाउन के कारण ब्लड बैंको में रक्तदाता नहीं पहुच पा रहे है , इसलिए लगभग सभी ब्लड बैंको में रक्त भण्डारण में कमी हो गयी है। इस परिस्थित में इस संस्था द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन मानवता के लिये महत्वपूर्ण है । नियमित रक्त की आवश्यकता पडनें वाले रक्त्त रोगी जो या तो अनुवांशिक अथवा किसी और कारणवश रोगों से जैसे थैलेसिमिया, हीमोफिलिया, एप्लास्टिक एनिमिया से ग्रसित हैं, इनकी संख्या में बराबर बढोत्तरी हो रही है इनके द्वारा किये गए रक्तदान से इन सभी मरीजो के प्राणों की रक्षा में अहम् योग दान होगा । ब्लड बैंक की कॉउंसलर शोभा राय ने सभी रक्त दाताओ को सोशल डिस्टेंसिंग, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए रक्त दान शिविर आयोजित हेतु श्री उदय मिश्रा जी का धन्यवाद ज्ञापित किया।पन्नेलाल ,ज्वाला प्रसाद , रतन कुमार गुप्ता, आरिफ अली के साथ पंद्रह लोगो ने रक्त दान किया । श्री अमित मिश्रा एव राजीव तिवारी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर कुशलता पुर्वक संपन्न हुआ।